व्याकरण पाठ -१५ कहानी लेखन / १६ निबंध लेखन

PREPARED BY: Deepali Jadhav Class : II

Subject – Hindi

पाठ -१५ कहानी लेखन

कहानियाँ मज़ेदार होती हैं, साथ ही उनसे कुछ - न- कुछ सीखने को भी मिलाता है |

प्रश्न १. दिए गए सहायक शब्दों से कहानी पूरी कीजिए -

गर्मियों ,	कौआ ,	पानी ,	घड़ा ,	कम ,	चोंच ,
सोच ,	उपाय ,	कंकड़ ,	एक -एक ,	ऊपर ,	प्यास

चालाक कौआ

गर्मियों के दिन थे | एक कौआ बहुत प्यासा था |वह पानी की तलाश में इधर- उधर उड़ रहा था |काफी देर बाद उसे एक घडा दिखाई दिया | कौआ घड़े के पास गया उसने देखा कि घड़े में बहुत कम पानी है |उसकी चोंच पानी तक नहीं पहुँच पा रही थी वह सोच में पड़ गया की अब क्या करे | तभी उसे एक उपाय सूझा |उसने आसपास पड़े छोटे -छोटे कंकड उठाए और एक -एक करके घड़े में डालने लगा |धीरे -धीरे पानी ऊपर आ गया |कौए ने पानी पिया और अपनी प्यास भुझाई |

सीख - जहाँ चाह ,वहाँ राह |

१६ निबंध लेखन

जिस विषय पर निबंध लिखा जा रहा हो , उसकी जानकारी होनी चाहिए |

पेड़ का महत्व

पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत जरुरी हैं | वे हमें ताजी हवा और फल -फूल देते हैं | पेड़ पक्षियों का घर भी होते हैं | हमें पेड़ों को बचाना चाहिए और नए पेड़ लगाने चाहिए |पेड़ हमारे धरती का घाना हैं |